http://www.howtoexam.com

B

# BC-01

## B.Com. (First Year) EXAMINATION, December, 2008

## FINANCIAL ACCOUNTING
## (वित्तीय लेखांकन)

Paper BC-01

Time allowed : Three hours

Maximum marks : 100

*Attempt any five questions. Each question carries equal marks.*

*कोई भी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. What do you mean by accounting concepts and conventions ? Explain briefly some important accounting concepts and conventions. 8+6+6

लेखांकन अवधारणाओं तथा परम्पराओं से आप क्या समझते हैं ? संक्षेप में लेखांकन की कुछ महत्त्वपूर्ण अवधारणाओं तथा परम्पराओं का वर्णन कीजिये। 8+6+6

PTO

Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper

http://www.howtoexam.com

2. Record the following transactions in the journal of Ram :

| 2007 | | Rs. |
|---|---|---|
| Jan., 1 | Started business with cash | 1,00,000 |
| Jan., 3 | Purchased goods | 20,000 |
| Jan., 5 | Purchased goods from Raj | 30,000 |
| Jan., 7 | Sold goods to Shyam | 10,000 |
| Jan., 9 | Purchased Furniture | 8,000 |
| Jan., 10 | Received cash from Shyam in full settlement | 9, 800 |
| Jan., 12 | Received commission | 1,500 |
| Jan., 15 | Paid rent to Amit | 1,000 |
| Jan., 18 | Purchased goods from Vinay for cash | 5,000 |
| Jan., 22 | Sold goods to Megha for cash | 15,000 |
| Jan., 25 | Paid cash to Raj as part payment | 20,000 |
| Jan., 28 | Paid salary to Manager | 1,500 |

20

निम्नलिखित व्यवहारों को 'राम' की जर्नल में लिखिये :–

| 2007 | | रु. |
|---|---|---|
| जनवरी, 1 | रोकड़ लगाकर व्यापार प्रारम्भ किया | 1,00,000 |

HowToExam.com



Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper

http://www.howtoexam.com

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी, 3 | माल खरीदा | 20,000 |
| जनवरी, 5 | राज से माल खरीदा | 30,000 |
| जनवरी, 7 | श्याम को माल बेचा | 10,000 |
| जनवरी, 9 | फर्नीचर क्रय किया | 8,000 |
| जनवरी, 10 | श्याम से पूर्ण भुगतान में नकद प्राप्त हुए | 9,800 |
| जनवरी, 12 | कमीशन प्राप्त किया | 1,500 |
| जनवरी, 15 | अमित को किराया चुकाया | 1,000 |
| जनवरी, 18 | विनय से माल नकद क्रय किया | 5,000 |
| जनवरी, 22 | मेघा को नकद माल बेचा | 15,000 |
| जनवरी, 25 | राज को आंशिक भुगतान में चुकाये | 20,000 |
| जनवरी, 28 | मैनेजर को वेतन चुकाया | 1,500 |

20

3. What is the meaning of posting ? Give its procedure with example. 8+12

खतौनी का क्या तात्पर्य है ? इसकी उदाहरण सहित विधि बताइये। 8+12

4. What do you mean by Capital and Revenue expenditure ? Give five examples of each expenditure. In what circumstances revenue expenditure become capital expenditure ? 8+5+7



Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper

http://www.howtoexam.com

पूँजीगत व्यय तथा आयगत व्यय से आप क्या समझते हैं ? प्रत्येक व्यय के पाँच उदाहरण दीजिये। आयगत व्यय किन परिस्थितियों में पूँजीगत व्यय हो जाते हैं ? 8+5+7

5. After making a trial balance following errors were found. Give entries for their rectification. Prepare suspense account and show their effect on profit :

(i) The amount Rs. 750 received from Ramesh but entered on the debit side of Ramesh as Rs. 570.

(ii) Goods purchased for Rs. 2,000 from Mukesh wrongly entered in Sales Book.

(iii) Money withdrawn on account of personal use Rs. 500 for travelling but entered in travelling expenses account.

(iv) Received Rs. 800 from Ram relating to loan which were previously written off as bad debts. This amount was credited to his personal account.

(v) Bill receivable received from Mohan but entered in Bills Payable Book Rs. 2,000.

(vi) Total of Sales Return Book carried forward as Rs. 5,200 instead of Rs. 2,500.

12+4+4

तलपट बनाने के बाद निम्न अशुद्धियाँ पायी गयी। इनको सुधारने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये। उचन्ती खाता बनाइए तथा लाभों पर इनका प्रभाव बताइये :



Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper

http://www.howtoexam.com

(i) रमेश से प्राप्त 750 रु. की राशि उसके खाते में 570 रु. से नाम कर दी गयी।

(ii) मुकेश से 2,000 रु. का माल खरीदा जिसका लेखा गलती से विक्रय पुस्तक में कर दिया गया।

(iii) निजी यात्रा हेतु निकाले गये 500 रु. यात्रा व्यय खाते में लिख दिये गये।

(iv) राम से 800 रु. ऋण के सम्बन्ध में प्राप्त हुए, जो कि पूर्व में डूबत ऋण मानकर अपलिखित कर दिये गये थे। इस राशि को उसके व्यक्तिगत खाते में जमा कर दिया गया।

(v) मोहन से 2,000 रु. का प्राप्य विपत्र प्राप्त किया, जिसका लेखा देय विपत्र पुस्तक में कर दिया गया।

(vi) विक्रय वापसी बही का योग 2,500 रु. के स्थान पर 5,200 रु. आगे ले जाया गया।

12+4+4

6. What are the objects of making final accounts ? Give an example of trading and profit and loss account with imaginary figures showing gross profit and net profit.

8+12

अन्तिम खाते बनाने का क्या उद्देश्य है ? काल्पनिक अंकों से एक व्यापार व लाभ-हानि खाते का उदाहरण दीजिये, जिसमें सकल लाभ व शुद्ध लाभ दर्शाया गया हो। 8+12

7. On 1st January, 2006 the Jaipur Transport Company purchased a truck for Rs. 8,00,000. On 1st July, 2007 this



Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper

http://www.howtoexam.com

truck was involved in an accident and was completely destroyed and Rs. 6,00,000 were received by a cheque from the Insurance Company in full settlement. On the same date another truck was purchased by the company for Rs. 10,00,000. The company writes off 20% depreciation per annum on written down value method. Prepare the Truck Account and Depreciation Account from the year 2006 to 2008 when books are closed on 31st March every year. 20

1 जनवरी, 2006 को जयपुर ट्रांसपोर्ट कम्पनी ने एक ट्रक 8,00,000 रु. में खरीदा। 1 जुलाई, 2007 को यह ट्रक एक दुर्घटना में पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गया और बीमा कम्पनी से पूर्ण भुगतान में 6,00,000 रु. का एक चैक प्राप्त हुआ। इसी तारीख को कम्पनी ने एक दूसरा ट्रक 10,00,000 रु. में क्रय कर लिया। कम्पनी, क्रमागत मूल्यह्रास विधि से 20% प्रतिवर्ष ह्रास अपलिखित करती है। वर्ष 2006 से वर्ष 2008 तक का ट्रक खाता तथा मूल्य ह्रास खाता तैयार कीजिये, जबकि पुस्तकें प्रतिवर्ष 31 मार्च को बन्द की जाती हैं। 20

8. What do you understand by "Consignment of goods ?" Which necessary accounts are opened in the books of Consignor? 8+12

माल का प्रेषण से आप क्या समझते हैं ? प्रेषक की पुस्तकों में कौन-कौन से आवश्यक खाते खोले जाते हैं ? 8+12

9. *A* and *B* entered into a joint venture to purchase and sell the iron goods. On 1st January 2007 *A* and *B* constributed



Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper

http://www.howtoexam.com

Rs. 1,60,000 and Rs. 1,00,000 respectively towards the venture and opened a Joint Bank Account. They agreed to share profits and losses in the ratio of 3:2. They paid Rs. 2,00,000 for goods purchased, Rs. 2,000 for brokerage, Rs. 10,000 for freight and Rs. 20,000 for sundry expenses. The sale of 3 months period was Rs. 2,80,000. Closing stock was taken by *B* for Rs. 10,000. The Accounts were settled. Give journal entries and prepare necessary account. 20

*A* और *B* ने लोहे के सामान का क्रय और विक्रय करने के लिये संयुक्त साहस प्रारम्भ किया। 1 जनवरी 2007 को *A* और *B* ने क्रमशः 1,60,000 रु. व 1,00,000 रु. साहस के लिये दिये तथा संयुक्त बैंक खाता खोला। उन्होंने लाभ-हानि 3:2 के अनुपात में विभाजित करना तय किया। उन्होंने 2,00,000 रु. का माल क्रय किया, दलाली के 2,000 रु., भाड़े के 10,000 रु. तथा विविध खर्चों के 20,000 रु. चुकाये। तीन माह की अवधि का विक्रय 2,80,000 रु. था। अन्तिम स्टॉक *B* ने 10,000 रु. में ले लिया। खातों का निपटारा हो गया। जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये एवं आवश्यक खाते तैयार कीजिये। 20

10. Write explanatory notes on :

(i) Goods in transit.

(ii) Cash in transit.

(iii) Depreciation on branch fixed assets.

(iv) Inter-branch transactions. 5+5+5+5



Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper

http://www.howtoexam.com

स्पष्ट रूप से टिप्पणियाँ लिखिये :

(i) मार्ग में माल

(ii) मार्ग में रोकड़

(iii) शाखा स्थायी सम्पत्तियों पर मूल्य ह्रास

(iv) अन्तर-शाखा व्यवहार 5+5+5+5

HowToExam.com



Entrance exam paper, Sample paper and previous year solved question paper